# FORM NO. III

## फर्द अहकम

नियम 26

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा,राजस्थान

सीमा पत्नि पप्पू ........ बनाम ........ गोविन्द चौहान पुत्र हरिओम

किस्म मुकदमा / धारा:– प्रार्थना-पत्र / 111-108

प्रकरण संख्या ....38...... / 2026 जी.सी.एम.एस. नम्बर:– ..........................

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 23/02/2026 | प्रार्थना–पत्र नियमानुसार संलग्न दस्तावेजों एवं न्यायालय शुल्क के साथ न्यायालय क्षेत्राधिकार में पेश हुआ। पत्रावली की नियमानुसार जांच कर दर्ज रजिस्टर किया गया। अधिवक्ता प्राथी उपस्थित। पत्रावली में विपक्षीगणों की तलबी जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना–पत्र, विपक्षीगणों को भेजी जावें। पत्रावली आगामी पेशी दिनांक 17/03/2026 को वास्ते इन्तजार तामील / तलबी रिपोर्ट पेश हो।<br><br>[signature]<br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला भीलवाड़ा | |
| 17/3/2026 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक परिषद बिजौलियाँ द्वारा कार्य स्थगन रखा गया। पत्रावली दिनांक 24/3/2026 को वास्ते इन्तजार तामील पेश हो।<br><br>[signature]<br>उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ | |
| 24/3/2026 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित। पीठासीन अधिकारी महोदय दौरे पर है। पत्रावली दि. 7/4/2026 को वास्ते इन्तजार तामील पेश हो।<br><br>[signature]<br>उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ | |
| 7/4/2026 | पत्रावली पेश हुई। ~~समस्त~~ विपक्षीगणो (1,2,3,4) की बाद तामील प्राप्त हुई। जिसे शामिल पत्रावली किया गया। विपक्षीगणो (1,2,3,4) को 3- बार आवाज लगाई गई, किन्तु कोई उपस्थित नहीं हुआ। विपक्षीगणो (1,2,3,4) के विरुद्ध एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावें। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>[signature]<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

उप खण्ड अधिकारी ... भीलवाड़ा

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख दायर – 23/2/26

प्रकरण संख्या :– 38/26

सीमा पत्नि पप्पू खटीक जाति खटीक उम्र बालिग निवासी बीगोद तहसील माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज.)

.......................प्रार्थीया

**बनाम्**

1. गोविन्द चौहान पुत्र हरिओम चौहान जाति धोबी उम्र बालिग निवासी कुंजडो की मस्जिद के पास श्रीपुरा, कोटा तहसील लाडपुरा जिला कोटा (राज.)
2. कैलाश पुत्र कालु जाति रेगर उम्र बालिग निवासी बिजौलिया कलां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. राजू पुत्र कालु जाति रेगर उम्र बालिग निवासी बिजौलिया कलां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
4. रामस्वरूप पुत्र उदा जाति बलाई उम्र वयस्क निवासी खेराडिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)

................विपक्षीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट**

**–: आदेश :–**

दिनांक – 7/4/26

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री राकेश धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलियांकलां** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा ग्राम बिजोलियांकलां पटवार हल्का बिजोलियांकलां तहसील बिजौलिया की सरहद में खाता संख्या 298 पर अंकित आराजी खसरा संख्या 1562/228 रकबा 0.0567 हैक्टेयर, खसरा संख्या 1568/237 रकबा 0.1619 हैक्टेयर, खसरा संख्या 1575/238 रकबा 0.2266 हैक्टेयर कुल किता 3 रकबा 0.4452 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा

**उपखण्ड अधिकारी**
**बिजौलियाँ**

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या – 38/26

तारीख दायर – 23/2/26

तारीख फैसला – 7/4/26

प्रेषिति :–

तहसीलदार

बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या ........38......../ 2026 पत्थरगढ़ी बाबत्।

सीमा पत्नि पप्पू खटीक जाति खटीक उम्र बालिग निवासी बीगोद तहसील माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज.)

........................प्रार्थीया

**बनाम्**

1. गोविन्द चौहान पुत्र हरिओम चौहान जाति धोबी उम्र बालिग निवासी कुंजडो की मस्जिद के पास श्रीपुरा, कोटा तहसील लाडपुरा जिला कोटा (राज.)
2. कैलाश पुत्र कालु जाति रेगर उम्र बालिग निवासी बिजौलिया कलां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. राजू पुत्र कालु जाति रेगर उम्र बालिग निवासी बिजौलिया कलां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
4. रामस्वरूप पुत्र उदा जाति बलाई उम्र वयस्क निवासी खेराडिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)

................विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मैं आदेश होकर लेख है जाकर **मौजा ग्राम** बिजोलियांकलां **पटवार हल्का** बिजोलियांकलां **तहसील बिजौलिया की सरहद में खाता संख्या 298 पर अंकित आराजी खसरा संख्या 1562/228 रकबा 0.0567 हैक्टेयर, खसरा संख्या 1568/237 रकबा 0.1619 हैक्टेयर, खसरा संख्या 1575/238 रकबा 0.2266 हैक्टेयर कुल किता 3 रकबा 0.4452 हैक्टेयर भूमि** की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक बिजौलियांकलां को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमिश्नर फीस प्रार्थी वक्त पत्थरगढ़ी मौके पर अदा करेगा। पत्थरगढ़ी करने से पुर्व पड़ोसी एंव विपक्षीगणो को सुचित करे।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा

**उपखण्ड अधिकारी**

**बिजौलियाँ**